रीवा में खुलेगा संस्कृत विश्वविद्यालय का केंद्र

चर्चा में क्यों?

2 सितंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में पत्रकार वार्ता में बताया कि शीघ्र ही ज़िले में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना लक्ष्मणबाग परिसर में की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री 30 सितंबर को लक्ष्मणबाग परिसर में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के केंद्र का शुभारंभ करेंगे।
- उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पाँच पाठ्यक्रमों में पढ़ाई शुरू होगी और भविष्य में विश्वविद्यालय के रूप में विकास किया जाएगा।
- मंत्री ने कहा कि रीवा में पत्रकारों को आवासीय भूखंड प्रदान किये जाएंगे। भूखंड 1375 वर्ग फीट का होगा।
- उन्होंने कहा कि रीवा में 500 करोड़ रुपए की लागत से हवाई अड्डे का निर्माण किया जा रहा है, निर्माण कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण होगा।
- रीवा में आईटी पार्क की स्थापना के लिये 30 करोड़ रुपए मंज़ूर किये गए हैं। बहुती नहर का काम तेजी से जारी है। इससे 6 लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी।
- जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में रीवा में ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना के लिये 250 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी गई है। इससे कुशल व्यक्ति तैयार होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/centre-of-sanskrit-university-will-open-in-rewa